लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक....5.3.2020.... पृष्ठ सं.....2..... कॉलम....1-2....



*रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण में टिप्स देते मुख्यातिथि डा. सहरावत।*

# कृषि व्यवसाय में नैतिकता व परिवर्तन विषयों पर की चर्चा

हिसार, 4 मार्च (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के एग्री बिजनैस इन्क्यूबेशन केंद्र द्वारा किसानों, छात्रों और युवा उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम का आयोजन किया गया। 3 दिवसीय इस प्रोग्राम में जैविक खेती, कृषि व्यवसाय में नैतिकता और परिवर्तन इत्यादि विषयों पर चर्चा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान निदेशक डा. एस.के. सहरावत थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर अधिष्ठाता कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डा. आर.के. झोरड़ उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........सिटी पल्स........

दिनांक....4.3.2020.... पृष्ठ सं.....2..... कॉलम.....5-8.....

# हकृवि के एग्री बिज़नेस इन्क्यूबेशन केंद्र द्वारा किसानों, छात्रों और युवा उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम



*हिसार। डॉ. एसके सहरावत एबिक में रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण में टिप्स देते हुए।*

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्टार्टअप इंडिया को ध्यान में रखते हुए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के एग्री बिज़नेस इन्क्यूबेशन केंद्र द्वारा किसानों, छात्रों और युवा उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस प्रोग्राम में जैविक खेती, कृषि व्यवसाय में नैतिकता और परिवर्तन इत्यादि विषयों पर चर्चा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर अधिष्ठाता कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डॉ. आरके झोरड़ उपस्थित थे।

डॉ. सहरावत ने कहा कि आज के समय छात्रों की सोच रोजगार उन्मुखी शिक्षा प्रदान करना और उसके द्वारा रोजगार के अवसर पैदा करने की होनी चाहिए। कृषि के क्षेत्र में भरपूर अवसर एवं अपार संभावनाए है और एग्री बिज़नेस इन्क्यूबेशन केंद्र का एकमात्र उद्देश्य देश के युवाओं को हर तरह के अवसर प्रदान करने का है। कृषि विश्वविद्यालय के छात्र को न केवल कृषि व्यापार की तरफ ध्यान देना चाहिए अपितु ऐसे अवसर भी ढूंढने चाहिए जिनसे वह समाज का निर्माण भी कर सके और अपने क्षेत्र की कृषि गतिविधियों में सुधार भी कर सके। डॉ. झोरड़ ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि स्वरोजगार सबसे उन्नत है जिसमे हम न केवल अपने लिए काम करते हैं बल्कि एक उन्नत समाज का नेतृत्व भी करते है। क्योंकि यह कृषि प्रधान प्रशिक्षण प्रोग्राम है, इस प्रोग्राम के उद्देश्य की पूर्ति तभी हो सकती जब हमारा कृषक समाज इससे अनुभव ले सके और हम नई प्रतिभाओं को आगे लेकर आ सकें और उनके लिए रोजगार को सरल बना सकें।

डॉ सीमा रानी (नोडल अधिकारी) एबिक ने कहा कि कभी रोजगार की नहीं बल्कि रोजगार देने वालों की है। इस इन्क्यूबेशन केंद्र से हमारा लक्ष्य साफ शब्दों में विभिन्न प्रक्षिक्षण प्रोग्रामों का आयोजन करना, रोजगार को सरल बनाना, इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट सीखाना, वित्तीय सहायता इत्यादि सभी जरूरत की चीजों को एक जगह पर मुहैया करवाना और नया रोजगार शुरू करने में पूर्ण सहायता करना है। इस दौरान एबिक की पूरी टीम भी मौजूद रही।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ सिटी पल्स ........

दिनांक ..4..3..2020...... पृष्ठ सं. ....2..... कॉलम ....3-4....

# हकृवि में आईडीपी योजना के तहत कम्युनिकेशन स्किल्स फॉर इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग पर प्रशिक्षणों का समापन



*हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. एसके सहरावत पब्लिक स्पीकिंग प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए।*

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में कम्युनिकेशन स्किल्स फॉर इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग विषय पर तीन प्रशिक्षणों का राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत व छात्र कल्याण निदेशालय के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षण की अवधि 2 सप्ताह की थी। इस कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन में आईडीपी प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान एवं पीआई, आईडीपी, डॉ. एसके सहरावत मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के द्वारा विद्यार्थियों में अच्छे कम्युनिकेशन स्किल्स की महत्ता को समझाया और बच्चों के अच्छे व सफल भविष्य के लिए सबको मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भाषा सीखने का सबसे बड़ा उपचार उसका प्रतिदिन जीवन शैली में प्रयोग करना है। अतः जितना आप बोलेंगे उतना आप सीखेंगे यह विधि सम्प्रेषण प्रसार के लिए सबसे उत्तम विधि है। अंत में उन्होंने सबके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदैव प्रयत्नशील रहने व जीवन को एक उत्तम दिशा देने का आग्रह किया। इसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ में भाग लिया।

विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम की प्रतिपुष्टि की गई जिसमें सब बच्चों ने प्रशिक्षण की सराहना की और स्वयं में हुए व्यवहारिक बदलाव की पुष्टि की। उन्होंने आग्रह किया कि भविष्य में ऐसे और प्रशिक्षण भी करवाए जाएं। एसोसिएट निदेशक डॉ. ओमेंद्र सांगवान, नोडल ऑफिसर, डॉ. सोमवीर निंबल व डॉ. मुकेश सैनी के प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ पाठक पक्ष ........
दिनांक ....4. 3. 2020.... पृष्ठ सं. .......2....... कॉलम .......3-5.......

# हकृवि द्वारा कृषि शिक्षा मेला का आयोजन

हिसार, 4 मार्च (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यममिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर, हिसार में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. के.पी.सिंह व निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत के मार्गदर्शन में राजकीय कृषि उन्नतर शिक्षा प्रयोजना के अन्तर्गत किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा नौ से कक्षा बारह के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित विभिन्न कोर्सों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और इससे संबंधित शिक्षा को भविष्य में रोजगार उन्मुखी कैसे बनाया जा सकता है इस प्रकार की बारिकी से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में



लगभग 200 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कृषि शिक्षा मेले में भाग लिया। एसोसिएट निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान और नोडल ऑफिसर डॉ. सोमवीर निंबल ने विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग तथा बीएससी ऑनर्स कम्युनिटी साइंस में अपने कैरियर को चुनने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक स्तर पर व राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा द्वारा विद्यार्थी इन कोर्सों में दाखिला पा सकते है। राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसके लिए आवेदन फार्म भी उपलब्ध हैं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: पाठक पक्ष

दिनांक: 4.3.2020 पृष्ठ सं: 2 कॉलम: 3:5

# हकृवि कुलपति ने सेवानिवृत कर्मचारियों को किया सम्मानित



हिसार, 4 मार्च (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर से फरवरी माह दौरान सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़ाव बरकरार रखना है और इसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान कायम रखना हैं। उन्होंने बताया कि सेवा, समर्पण, निष्ठा, त्याग व बलिदान की भावना हमेशा जिन्दा रहती है उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया।